कवच अभियान के तहत थाना सिरसिया क्षेत्र के ग्राम जमुनी कला का भ्रमण

श्रावस्ती 11 सितम्बर (मि0टा0सं0)। कवच अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती सुश्री प्राची सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी भिनगा के कुशल निर्देशन में प्रभारी एएचटीयू निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय, उ0नि0 पंकज कुमार, आ0 देवेन्द्र कुमार मौर्य एम0आ0 सीमा देवी, थानाध्यक्ष सिरसिया विशुन देव पाण्डेय, थाने के हल्का प्रभारी, बीट पुलिस अधिकारी, महिला बीट पुलिस अधिकारी, क्षेत्र के स्थानीय अभिसूचना इकाई के कर्मी व ड्रोन ऑपरेटर आ0 रवि प्रताप की संयुक्त टीम के साथ 'ग्राम जमुनी कला' में पहुंचकर ग्राम प्रधान चौकीदार तथा गांव के सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ सार्वजनिक बैठक कर गांव की मूलभूत सूचनाओं को प्राप्त कर संकलित किया गया तथा ग्राम प्रधान व चौकीदार के साथ संपूर्ण गांव का भ्रमण तथा धार्मिक स्थलों का भौतिक सत्यापन कर समस्त छोटे बड़े मार्गों का भ्रमण किया गया। नेपाल से आने जाने वाले समस्त रास्तों पगडंडियों की जानकारी की गई ड्रोन द्वारा मानचित्र लिया गया व पैदल गस्त व चौपाल का आयोजन कर उनकी समस्याओ पर चर्चा, शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न जन कल्याण कारी योजनाओ के बारे में जानकारी देना, गाव में अपराध‍ि किस्म के अराजक तत्वों की गतिविधियों के बारे मे जानकारी, मानव तस्करी, स्वापक औषधि/मादक पदार्थों की तस्करी/वन्यजीवों की तस्करी व वन कटान आदि की रोकथाम हेतु बैठक की गई। इस दौरान सभी को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों एवं संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं प्रशासन के नंबरो के के बारे मे भी जानकारी देकर जागरुक भी किया गया। तत्पश्चात बॉर्डर व गांव मे पैदल गस्त करते हुए क्षेत्र भ्रमण किया गया।

महिलाओं को किया जागरूक

श्रावस्ती। महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से उन्हें पुलिस जागरूक कर रही है। इस अभियान के तहत पुलिस ने सोमवार को गिलौला सहित कई स्थानों पर महिला व छात्राओं को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। महिलाओं को अपराध से बचाने के लिए पुलिस इस समय जिले में ऑपरेशन डिकॉय चला रही है। इस अभियान के तहत सोमवार को पुलिस ने तेंदुआ पंडित, मलपुरवा, गिलौला बाजार में विशेष कैंप लगाया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के लिए बनाए गए कानून व साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी। संवाद